B.A. in Applied Hindi/अनुप्रयुक्त हिंदी में स्नातक उपाधि कार्यक्रम
(BAAHD)

सत्रीय कार्य
(जुलाई 2023 एवं जनवरी 2024 सत्र के लिए)

पाठ्यक्रम कोड : सी.बी.के.जी. –002
कालगणना की विधियाँ

मानविकी विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110068

अनुप्रयुक्त हिंदी में स्नातक उपाधि
सत्रीय कार्य (जनवरी, 2023)

पाठ्यक्रम कोड : CBKG–002/2023-24

प्रिय छात्र/छात्राओं

यह सत्रीय कार्य शिक्षक जाँच सत्रीय कार्य (TMA) है। सत्रीय कार्य के लिए 100 अंक निर्धारित किए हैं। सत्रीय कार्य में पूरे पाठ्यक्रम से प्रश्न पूछे जाएँगे।

उद्देश्य : शिक्षक जाँच सत्रीय कार्य का उद्देश्य यह जाँचना है कि आपने पाठ्य सामग्री को कितना समझा है और आप उसे अपने शब्दों में कैसे प्रस्तुत कर सकते हैं। यहाँ पाठ्य सामग्री की पुनर्प्रस्तुति से तात्पर्य नहीं है वरन् अध्ययन के दौरान जो कुछ सीखा और समझा है उसे आप आलोचनात्मक ढंग से प्रस्तुत कर सकें।

निर्देश :– सत्रीय कार्य आरम्भ करने से पूर्व निम्नलिखित बातों को ध्यान से पढ़िए :

1) अपनी उत्तर पुस्तिकाओं के पहले पृष्ठ के दायें सिरे पर अनुक्रमांक, नाम, पूरा पता और दिनांक लिखिए।

2) बाईं ओर पाठ्यक्रम का शीर्षक, सत्रीय कार्य संख्या और अपने अध्ययन केन्द्र का उल्लेख करें जैसा आगे दिखाया गया है :

अनुक्रमांक : ————————

नाम : ——————————

पता : ——————————

पाठ्यक्रम का नाम/कोड : ————————

सत्रीय कार्य कोड : ——————————

अध्ययन केन्द्र का नाम/कोड : ———————

दिनांक : ————————

सत्रीय कार्य के लिए आवश्यक निर्देश

1. अध्ययन : सबसे पहले सत्रीय कार्य को ध्यान से पढ़िए। फिर इससे संबंधित इकाइयों का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिए। अंत में प्रत्येक प्रश्न के संबंध में कुछ खास बातें नोट कर लीजिए और उन्हें तार्किक ढ़ग से व्यवस्थित कीजिए।

2. अभ्यास : उत्तर का प्रारूप तैयार करने से पूर्व नोट की गई बातों पर विचार कीजिए। अनावश्यक बातों को हटा दीजिए, और प्रत्येक बिंदु पर विस्तार से विचार कीजिए। निबंधात्मक या टिप्पणीपरक प्रश्नों में आरंभ और उपसंहार पर विशेष ध्यान दीजिए। उत्तर के आरंभिक अंश में प्रश्न की संक्षिप्त व्याख्या और अपने उत्तर की दिशा का संकेत अवश्य दे देना चाहिए। मध्य भाग में आप उत्तर का मुख्य भाग आवश्यक विस्तार के साथ क्रमबद्धता और तार्किक ढंग से प्रस्तुत करें। उपसंहार में उत्तर का सार देना चाहिए।

यह सुनिश्चित कर लीजिए कि :

क) आपका उत्तर तार्किक और सुसंगत हो,

ख) उत्तर सही ढंग से लिखा गया हो तथा आपकी अभिव्यक्ति शैली और प्रस्तुति के पूर्णतया अनुकूल हो,

ग) आपके लेखन में भाषागत त्रुटियाँ न हों, विशेष रूप से मात्रा और व्याकरण संबंधी गलतियों से बचें।

3. **प्रस्तुति :** जब आप अपने उत्तर से पूर्णतया संतुष्ट हो जाएँ, तो उसे साफ और सुंदर अक्षरों में उत्तर पुस्तिका में लिख लीजिए तथा जिन बातों पर आप जोर देना चाहते हैं, उन्हें रेखांकित कर दीजिए।

शुभकामनाओं के साथ।

नोट : याद रखें कि परीक्षा में बैठने से पूर्व सत्रीय कार्य जमा कराना अनिवार्य है, अन्यथा आपको परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

सत्रीय कार्य जमा कराने की तिथियाँ :

जुलाई 2023 सत्र के लिए : 30 अप्रैल, 2024

जनवरी 2024 सत्र के लिए : 31 अक्टूबर, 2024

सत्रीय कार्य : CBKG-002

कालगणना की विधियाँ

सत्रीय कार्य – CBKG-002/TMA/2023-24 पूर्णांक - 100

नोट – **इस सत्रीय कार्य में दिए गए सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।**

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक लगभग 500 शब्दों में) दीजिए । **20 × 2 = 40**
   - i) भारतीय कालमान के वैशिष्ट्य को उदाहरण सहित स्पष्ट करें।
   - ii) क्षय तथा अधिक तिथि को विस्तार से समझाएं।
   - iii) दिनों की भारतीय संकल्पना क्या है? उनका नामकरण किस प्रकार किया जाता है?
   - iv) अयन को स्पष्ट करते हुए दक्षिणायन तथा उत्तरायण को स्पष्ट करें ।

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक लगभग 250 शब्दों में) दीजिए । **10 × 4 = 40**
   - i) भारतीय कालमान की व्यावहारिकता का एक उदाहरण बताएं।
   - ii) अमूर्त काल किसे कहते हैं?
   - iii) मुहूर्त किसे कहते हैं ?
   - iv) करण के स्वरूप का परिचय सोदाहण प्रदान करें ।
   - v) चन्द्र ग्रहण का क्या कारण है तथा वह किस तिथि को होता है?
   - vi) ऋतु-परिवर्तन का कारण क्या है?
   - vii) अधिक मास किसे कहते हैं?

3. निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए । **10 × 2 = 20**
   - i) भारतीय कालमान में किसके ज्ञान से मौसम को जाना जा सकता है?
   - ii) दो प्रकार के काल का वर्णन किस ग्रन्थ में मिलता है ?
   - iii) दिन में मुहूर्तों की संख्या कितनी होती है?
   - iv) सप्ताह का सबसे प्राचीन विवरण किस ग्रंथ में पाया जाता है?
   - v) भारतीय आषाढ़ मास से क्या अभिप्राय है?
   - vi) भारत में चांद्र मासों को अपनाने का कारण क्या है ?
   - vii) किस संबंध का युग के वर्षों 12 ग्रह से है?
   - viii) कालगणना में धर्म शब्द किस संख्या का द्योतक है?
   - ix) कुल मन्वंतर कितने हैं और वर्तमान में कौन सा मन्वंतर चल रहा है?
   - x) कालगणना में कल्प क्या हैं?